महत्वपूर्ण एवं खास

मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 40 से ज्यादा घायल, 5 महिलाएं गंभीर

रायपुर (आरएनएस)। खरोरा थाना क्षेत्र में मजदूरो से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में 45 लोग घायल हो गये। घायलों में महिलाएं भी शामिल है। घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। घटना खरोरा तिल्दा मार्ग के मोहरेंगा मोड़ के पास की है। जानकारी के मुताबिक, आज सुबह पिकअप में भर 45 से ज्यादा मजदूर खरोरा के बाड़ी आ रहे थे। इस दौरान खरोरा तिल्दा मार्ग पर मोहरेंगा मोड़ के पास उनकी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन सवार 45 मजदूर घायल हो गये। इधर घटना की जानकारी मिलते ही खरोरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा हैं कि घायलों में 5 महिलाएं गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें उपचार के लिए रायपुर लाया गया है। खरोरा के सीआईएल बाड़ी में सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर होती है। यहां पर हर दिन बड़ी संख्या में मजदूरों को मालवाहक गांड़ी में भरकर लाया जाता है। आज सुबह भी मजदूर मजदूरी करने के लिए पिकअप में सवार होकर पहुंच रहे थे। इस दौरान ये हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। वहीं सभी घायलों का उपचार जारी है।

राज्यपाल से एथलीट और पर्वतारोही आशा मालवीय ने की सौजन्य भेंट

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में मध्यप्रदेश के राजगढ़ की एथलीट और पर्वतारोही आशा मालवीय ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल हरिचंदन ने मालवीय को महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से की जा रही उनकी साइकिल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी और उनके प्रयास की सराहना की। उल्लेखनीय है कि मालवीय महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए एकल साइकिल यात्रा कर रहीं है। मालवीय अब तक लगभग 9 हजार किमी की यात्रा पूरी कर चुकी है, और इसमें 10 राज्य शामिल है।

राज्यपाल से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति ने की सौजन्य भेंट

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति डॉ. ए. डी. एन. वाजपेयी ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल हरिचंदन को कुलपति डॉ. वाजपेयी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और आगामी चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

वन विभाग ने पकड़ा लकड़ी से भरा ट्रक, लकड़ी समेत वाहन जब्त

सूरजपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी पकड़ी है। अवैध लकड़ी परिवहन के आरोपी पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं दस्तावेजों में कमी पाए जाने को लेकर वन विभाग की टीम ने लकड़ी समेत वाहन को अपने कब्जे में ले लिया यह पूरा मामला अंबिकापुर वन परिक्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम को अवैध रूप से लकड़ी ले जाने की सूचना मिली। इसके बाद सीतापुर क्षेत्र से मध्य प्रदेश अमलाई की ओर देर रात को अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहे थे। तभी वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की तो पता चला कि दस्तावेज नहीं है। इसके बाद वन विभाग की टीम ने लकड़ी समेत वाहन लकड़ी समेत वाहन को अपने कब्जे में लेकर जांच में पड़ताल में जुट गई।

स्कूली परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर लगा प्रतिबंध

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जारी किया आदेश
- सभी स्कूली परीक्षाओं के समाप्ति तक जारी रहेगा प्रतिबंध

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शिक्षण सत्र 2022-23 के वार्षिक एवं बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर विद्यार्थियों की पढाई में बाधा उत्पन्न न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए रायगढ़ जिले की सीमा क्षेत्र में तीव्र संगीत एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रो के प्रयोग को आदेश जारी कर प्रतिबंधित कर दिया है।

जारी आदेश में उल्लेख है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4.5.10 एवं 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंध लगाया गया है। इसके तहत तीव्र संगीत पर प्रतिबंध रहेगा। दिनांक 27 फरवरी 2023 से परीक्षा की समाप्ति तक 24 घंटे किसी भी स्थान में तीव्र संगीत बजाया अथवा बजवाया नहीं जावेगा। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रो के प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। दिनांक 27 फरवरी 2023 से परीक्षा समाप्ति तक 24 घंटे ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाया अथवा चलवाया नहीं जावेगा।

यदि किसी व्यक्ति को विशेष प्रयोजन के लिए छूट की आवश्यकता हो तो वह अपने क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा थाना प्रभारी से लिखित में अनुमति प्राप्त कर सकेंगे। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा थाना प्रभारी अनुमति देते समय शर्त एवं समय सीमा तय करते हुए अनुमति प्रदान कर सकेंगे। किंतु रात्रि के 10:00 बजे के पश्चात् ध्वनि विस्तारक यंत्रो को अनुमति किसी दशा में नहीं दी जावेगी। यदि अनुमति दिए जाने के उपरांत शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है तो अनुमति निरस्त कर दी जाएगी और आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। बिना अनुमति के बजाये जाने वाले लाउडस्पीकर जब्त किये जायेंगे। यह आदेश आज दिनांक 27 फ रवरी 2023 से प्रभावशील होगा।

मिलेट महोत्सव : आज रायगढ़ के रामलीला मैदान में हो रहा आयोजित

- एक्सपर्ट्स बताएंगे मिलेट से जुड़ी सेहत की खूबियां और खेती के फायदेमंद तरीके
- मिलेट व्यंजनों के लगेंगे स्टॉल्स, लघु धान्य फसलों की प्रदर्शनी के साथ महोत्सव में होगा नुक्कड़ नाटक का मंचन

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन रायगढ़ एवं उप संचालक कृषि रायगढ़ के द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 28 फरवरी 2023 को ''मिलेट्स महोत्सवÓÓ कार्यक्रम का आयोजन रामलीला मैदान रायगढ़ में दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा रहा है। ''मिलेट्स महोत्सवÓÓ में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, सी.मार्ट, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि महाविद्यालय के छात्रों, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शहर के प्रतिष्ठित होटल एवं रेस्टोरेंट के द्वारा झाकीयां एवं स्टॉल लगाये जायेगें। जिनके माध्यम से कृषकों एवं आम जनता में मिलेट्स (लघु धान्य फसलों) की खेती के लाभ एवं लघु धान फसलों के अनाज के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के संबंध में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जावेगा। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन एवं लोक नृत्य की प्रस्तुती भी दी जावेगी। जिले के कृषकों एवं आम जन से अपील है कि दिनांक 28 फरवरी 2023 को ''मिलेट्स महोत्सव'' रामलीला मैदान रायगढ़ में सम्मिलित होकर विशेषज्ञों से मिलेट्स की खेती का ज्ञान, मिलेट्स से होने वाले स्वास्थ्य लाभ तथा मिलेट्स से बने व्यजंनों का आनंद लेवें।

मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लीनिक : 1.47 लाख से ज्यादा महिलाओं का हुआ निशुल्क इलाज

रायपुर (आरएनएस)। मोबाइल क्लीनिकों के माध्यम से अब तक करीब 1969 कैम्प लगाएं जा चुके हैं मुख्यमंत्री दाई-दीदी मोबाइल क्लीनिकों के माध्यम से अब तक करीब 1969 कैम्प लगाएं जा चुके हैं। दाई-दीदी क्लीनिक के माध्यम से रायपुर, बिलासपुर एवं भिलाई नगर निगम क्षेत्र की स्लम बस्तियों में रहने वाली 1 लाख 47 हजार 362 महिलाओं एवं बच्चियों का उनके घर के पास ही दाई-दीदी क्लीनिक कैंप के माध्यम से इलाज किया गया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक की मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन में महिला चिकित्सकों और महिला स्टॉफ की टीम पहुंचती है तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चियों की विभिन्न बीमारियों का नि:शुल्क इलाज करती है। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 28 हजार 94 महिलाओं का लैब टेस्ट किया गया तथा 1 लाख 40 हजार 333 महिलाओं को नि:शुल्क दवाईयां दी गई। पहले गरीब स्लम क्षेत्र में रहने वाली तथा मेहनत मजदूरी करने वाली ऐसी महिलाएं जो समयाभाव या अन्य कई कारणों से अपना इलाज नहीं करा पा रही थी परन्तु अब दाई-दीदी क्लीनिक से उन्हें इलाज की सुविधा घर के पास ही महिला चिकित्सकों और चिकित्सा स्टॉफ के माध्यम से मिल रही है और वे अपना इलाज करा पा रही है।

उद्योगपति नवीन जिंदल को धमकी भरा पत्र लिखने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा उद्योगपति नवीन जिंदल के नाम पर धमकी भरा पत्र भेजने वाले सेंट्रल जेल बिलासपुर के दंडित बंदी पुष्पेंद्र नाथ चौहान उर्फ मनीष उर्फ मनोज उर्फ बाबा निवासी दर्राभांठा थाना बाराद्वार जिला सक्ती को आज माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी कराकर बिलासपुर सेंट्रल जेल से सुरक्षा पूर्वक रायगढ़ लाया गया जिसके लिखावट का परीक्षण कराने के लिए कोतरारोड़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गिरधारी साव द्वारा आरोपी से उसके लिखावट लेकर जप्त किया जा गया है। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ही सेंट्रल जेल से उद्योगपति नवीन जिंदल को धमकी भरा पत्र लिखकर पोस्ट किया है।

आरोपी ने जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमेन नवीन जिंदल को धमकी भरा पत्र महाप्रबंधक जिंदल स्टील प्लांट के नाम पर पोस्ट किया गया था जो दिनांक 18.01.2023 को कंपनी कार्यालय में प्राप्त हुआ। दिनांक 23.01.2023 को कंपनी के महाप्रबंधक सुधीर राय ने थाना कोतरारोड़ में उक्त घटना को लेकर आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि पत्र में नवीन जिंदल को बेहद असभ्य, अपमानजनक भाषा में गाली गलौज लेख कर रकम मांग की गई है और रकम का भुगतान न होने पर जान से मारने की धमकी लेख किया गया है , पत्र लिखने वाले ने अंत में अपना हस्ताक्षर करते हुए कैदी संख्या 4563/97 केन्द्रीय जेल बिलासपुर लिखा हुआ है।

घटना के संबंध में थाना कोतरारोड़ में आरोपी पर धारा 384, 506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की विवेचना में जानकारी मिली कि आरोपी पुष्पेंद्र नाथ चौहान उर्फ मनीष उर्फ मनोज उर्फ बाबा को जिला जांजगीर चांपा के लूट, डकैती के अपराध में वर्ष 2015 में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर के न्यायालय से प्रकरण में दोषी पाते हुए 10 साल की सश्रम कारावास व अर्थदंड से दंडित किया गया है जिसमें आरोपी सजा सेंट्रल जेल में सजा भुगत रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सुपरविजन अधिकारी डीएसपी निकिता तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतरारोड द्वारा आरोपी से पर्याप्त सबूत जुटाने आरोपी को रायगढ़ प्रोडक्शन वारंट पर लाने माननीय न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी का प्रोडक्शन वारंट प्राप्त होने पर आज पुलिस टीम सेंट्रल जेल बिलासपुर से रायगढ़ लाई जिससे पूछताछ पर आरोपी उसने अपराध स्वीकार किया गया है जिससे प्रकरण में वांछित नमूना हस्ताक्षर , लिखावट एवं अन्य आवश्यक साक्ष्य की जब्ती कर आरोपी पुष्पेंद्र नाथ चौहान उर्फ मनीष उर्फ मनोज उर्फ बाबा पिता शत्रुघन लाल उम्र 40 वर्ष निवासी दर्राभांठा, थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छत्तीसगढ़) को उसके अपराध के कारणों की जानकारी देकर गिरफ्तार कर रायगढ़ कोर्ट में पेश कर आरोपी का न्यायिक रिमांड चाहा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र राठौर, प्रधान आरक्षक करूणेश राय एवं हमराह स्टाफ आरक्षक हरिशंकर नायक की प्रमुख भूमिका रही है।

कलेक्टर ने सुनी जन सामान्य की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

- पेंशन का काम लेकर आए बुजुर्ग को सुनने की समस्या देख कलेक्टर ने दिलवाया हियरिंग मशीन

रायगढ़। रायगढ़ के मिट्ठुमुड़ा निवासी 70 वर्षीय जगत राम आज कलेक्टर जन चौपाल में पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा से वृध्दा पेंशन प्रदान करवाने का आग्रह किया। बात-चीत के दौरान उन्हें कम सुनाई देने पर कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को हियरिंग मशीन देने के लिए निर्देशित किया। मौके पर राम को मशीन मिल गई। हियरिंग मशीन मिलने पर कलेक्टर सिन्हा ने छत्तीसगढ़ी में उनसे पूछा कि अब सुनात हे कि नही, तब बुजुर्ग जगत राम ने मुस्कुराते हुए कहा अब बने सुनात हे। उनके वृध्दा पेंशन आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने जनचौपाल में पहुंची तमनार निवासी कुमारी काजल टोप्पो को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया, उन्होंने उनके परिजनों को कहा कि अब 5 लाख रूपए तक का मुफ्त में ईलाज करवा करते हो, उन्होंने उनकी बिटिया के ईलाज को लेकर आश्वस्त किया एवं डॉक्टरों को काजल के बेहतर उपचार के लिए निर्देशित किया।

जनचौपाल में ग्राम धनागर निवासी यशोदा श्रीवास भू-अर्जन मुआवजा के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि केलो परियोजना अन्तर्गत उनकी जमीन अधिग्रहित की गई है। उन्होंने मुआवजा प्रदान करने की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मुआवजा की प्रक्रिया जारी है, मुआवजा प्राप्त हो जाएगा। इसी प्रकार विनोबानगर रायगढ़ निवासी महेश चंद्र सोनवानी एवं ग्राम छोटे देवगांव निवासी कुंजराम पटेल मोटराइज्ड ट्राय सायकल के लिए आवेदन लेकर आए थे, उन्होंने बताया कि वे निरूशक्त है, जिससे चलने फिरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मोटराइज्ड ट्राय सायकल प्रदान करने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कोंड़ातराई निवासी सीताराम चौधरी केसीसी बनवाने एवं राज्य डेयरी उद्यमिता योजनान्तर्गत अनुदान का लाभ प्रदान करने आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया की वे छोटे किसान है, जिससे पशुपालन हेतु उन्हें लोन के लिए केसीसी आवश्यकता है। कलेक्टर सिन्हा ने उप संचालक पशुपालन को नियमानुसार कार्यवाही करने एवं समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में 20 से अधिक आवेदकों ने शाखा डाकघर बनोरा की डाकपाल की शिकायत लेकर पहुँचे थे, आवेदकों का कहना था कि डाकपाल कार्यालय पर नहीं आती उनके पति कार्य करते है, जो उनका पास बुक लेकर गए है, उन्होंने पास बुक प्रदान किए जाने की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने नायब तहसीलदार रायगढ़ को तत्काल इस विषय में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिले के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा लोगों से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं को सुनने और उसके समाधान के लिए प्रति सोमवार प्रात: 10:30 बजे से जन चौपाल का आयोजन किया जाता है। आज आयोजित जन चौपाल में मांग एवं शिकायतों के कुल 70 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा, पेंशन, राशन आदि के आवेदन शामिल थे, कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

सीआरपीएफ के कार्यक्रम में शामिल होने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर आएंगे

जगदलपुर (आरएनएस)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) अपना 84वां स्थापना दिवस समारोह छग के बस्तर जिले के करनपुर में पहली बार आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए यहां तैयारियां भी जोरो पर है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 19 मार्च को बस्तर जिला में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान अमित शाह भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी मंत्र भी देंगे, छत्तीसगढ़ के चुनावी वर्ष में अमित शाह का यह प्रवास काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

उल्लेखनिय है कि देश के सबसे बड़े केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को वामपंथी उग्रवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद विरोधी अभियानों और जम्मू में आतंकवाद विरोधी अभियानों के 03 मुख्य क्षेत्रों में काम करने वाले प्रमुख राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा बल के रूप में नामित किया गया है। पिछले वर्ष जम्मू में अपना 83वां वार्षिक स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया था।

भाजपा प्रवक्ता केदार कश्यप ने केंद्रीय गृहमंत्री के बस्तर प्रवास की पुष्टि करते हुए बताया कि मार्च माह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर प्रवास पर आएंगे। इस दौरान वे बस्तर जिले में आयोजित सीआरपीएफ के कार्यक्रम में शामिल होंगे, फिलहाल निर्धारित कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है।

राज्य में अब तक लगभग 12 करोड़ रूपए की 38 हजार 686 क्विंटल मिलेट्स की हुई खरीदी

- राज्य में मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने विशेष पहल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी एवं रागी की फसलों को बढ़ावा देने के लिए इनकी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। वन मंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक 11 करोड़ 94 लाख रूपए मूल्य की 38 हजार 686 क्विंटल कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी हो चुकी है।

राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोदो की खरीदी 30 रूपए प्रति किलो, कुटकी की खरीदी 31 रूपए और रागी की खरीदी 35.78 रूपए प्रति किलो की दर से की जा रही है। अब तक 31 हजार 750 क्विंटल कोदो, 1 हजार 378 क्विंटल कुटकी और 5 हजार 558 क्विंटल रागी की खरीदी की जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों द्वारा कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी की जा रही है। वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने बताया कि किसानों के हित में इसका दायरा बढ़ाकर अब पूरे प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से इन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य के ऐसे क्षेत्र, प्राथमिक लघु वनोपज समिति अथवा जिला यूनियन के कार्यक्षेत्र से बाहर स्थित है, ऐसे ग्रामों, क्षेत्रों को चिन्हांकित कर समीपस्थ प्राथमिक लघु वनोपज समिति एवं जिला यूनियन के कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया है। जिससे ऐसे क्षेत्रों में कोदो, कुटकी एवं रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो सके और इन फसलों का संग्रहण करने वाले संग्राहकों को समर्थन मूल्य का लाभ मिले।

दुर्लभ जन्मजात अस्थि विकार से ग्रसित थी नन्हीं अनन्या, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु से हुआ सफल इलाज, परिजनों ने जताया आभार

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ.आर. निराला के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। पिछले माह 22 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसीर में सिंघनपुर निवासी अंजू टण्डन पति राजू 28 वर्ष जिसने एक बच्ची को जन्म दिया जो एक दुर्लभ जन्मजात अस्थि विकार से ग्रसित थी तत्काल सारंगढ़ चिरायु टीम के डॉक्टर्स को बताया गया। अत: टीम द्वारा जाकर देखा गया जो वास्तव में दुर्लभ बर्थ डिफेक्ट्स में से एक था। अत: तत्काल चिरायु आई डी क्रमांक 1030747380 से रिफर किया गया। जिसे चिकित्सकीय भाषा में हाइपरएक्सटेंशन ऑफ नी या डिसलोकेशन ऑफ नी (जीनू रिकर्वेटम) कहते हैं। इस विकार का प्रसार दर प्रति 1:1000 जीवित जन्म बच्चों में होता है। इस विकार में नवजात शिशु के दोनों पैर पूर्णत: अपने स्थान से 180, एंगल तक खिसक जाते हैं। चिरायु टीम द्वारा जिला अस्पताल रायगढ़ के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनेश पटेल और फिजियोथेरेपीस्ट डॉ सिन्हा से सम्पर्क कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। फिर 25 जनवरी को पहली बार जांच व इलाज हेतु चिरायु टीम जिला अस्पताल रायगढ़ ले गयी जहां शिशु के वजन को देखते हुए अगले हफ्ते का समय दिया गया।

डॉ सिदार (बीएमओ),श्री एन एल इजारदार (डीपीएम) व डॉ प्रभुदयाल खरे ;जिला नोडल . चिरायुद्ध के मार्गदर्शन में पुन: चिरायु टीम सारंगढ़ की डॉ प्रभा द्वारा 1 फरवरी को जिला अस्पताल रायगढ़ ले जाया गया जहाँ जांच के बाद आर्थोपेडीक डॉक्टर, फिजियोथेरेपीस्ट व क्योर इंडिया से कुमारी गीता साहू के मार्गदर्शन में पहली बार सीरियल कास्टिंग की प्रक्रिया पूर्ण की गई। सप्ताह भर बाद फिर से चिरायु की डॉ नम्रता मिंज के द्वारा जिला अस्पताल ले जाकर 8 फरवरी को कॉस्टिंग और डॉ बबिता व हिंगलेश्वरी के द्वारा 15 फरवरी को जिला अस्पताल रायगढ़ चिरायु वाहन से पुन: ले जाकर रिकास्टिंग की प्रक्रिया करवाई गई है। प्रतिदिन स्थिति में सुधार होते जा रहा है। 22 फ़रवरी को भी चिरायु के डॉ बद्री विशाल पंकज के द्वारा जिला अस्पताल रायगढ़ ले जाकर सीरियल कास्टिंग करवाई गई है।

अब नन्ही बिटिया अनन्या पहले से ठीक व स्वस्थ महसूस कर रही है। परिजन भी चिरायु के सहयोग व कार्य से खुश होते हुए पूरे टीम व स्वास्थ्य विभाग का आभार प्रकट किया है। इस पूरे कार्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसीर के डॉ दीपांश सक्सेना चिकित्सा अधिकारी, डॉ वसीम खान आयुष चिकित्सा अधिकारी, सरोजा बौद्ध सिस्टर, प्रेमलता सिस्टर की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480